हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

04 ई-टोकन व्यवस्था किसानों के लिए बनी ...



07 किसानों को उनका अधिकार दिलाने के...





## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी पदों पर भर्ती की अंतिम तिथि 13 तक

**नर्मदापुरम।** राज्य सरकार ने महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर पोषण प्रबंधन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश की विभिन्न बाल विकास परियोजनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सहायिकाओं की बड़े पैमाने पर भर्ती करने का निर्णय लिया है। राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 2,548 पदों पर योग्य महिला अभ्यर्थियों की नियुक्तियां की जा रही हैं।

### रोजगार मेले के लिए सौंपे गए दायित्व

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 15 जुलाई को शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनीमालवा जिला नर्मदापुरम में किया जाएगा। तत्संबंध में कलेक्टर द्वारा रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंप उनकी ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर मिश्रा द्वारा रोजगार मेला का संपूर्ण प्रभार का दायित्व डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम बबीता राठौर को सौंपा है।

## नवागत सीएमओ सुरेखा जाटव का पहले ही दिन बड़ा एक्शन

# अतिक्रमण व गंदगी पर जुर्माना, दुकानें सील करने की चेतावनी से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका परिषद इटारसी में पदभार ग्रहण करते ही नवागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री सुरेखा जाटव पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गई हैं। पदभार संभालने के पहले ही दिन गुरुवार की शाम करीब 7 बजे सीएमओ अपनी पूरी टीम के साथ अचानक मुख्य बाजार क्षेत्र का निरीक्षण करने सड़क पर उतर पड़ीं। नए सीएमओ के इस कड़े तेवर और अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे बाजार क्षेत्र के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों की सामग्री को सड़क और निर्धारित सीमा से बाहर निकालकर किए गए अतिक्रमण पर सख्त नाराजगी जताई। नगरीय प्रशासन के अमले की मौजूदगी में हुई इस त्वरित कार्रवाई को देखकर कई दुकानदारों ने आनन-फानन में अपनी दुकानों का सामान समेटकर तय सीमा के अंदर कर लिया।

सीएमओ ने मुख्य बाजार क्षेत्र के जयस्तंभ चौक से लेकर मोहन काका चौक, तुलसी चौक और पटवा लाइन की दुकानों का निरीक्षण किया।



### गंदगी और डस्टबिन न मिलने पर नकद जुर्माना

बाजार क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर लापरवाही बरतने वालों पर नगर पालिका ने कड़ा शिकंजा कसा है। निरीक्षण के दौरान जिन दुकानों के सामने गंदगी पाई गई और डस्टबिन नहीं मिले, ऐसे तीन से चार दुकानदारों के खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई करते हुए 3000 रुपए का नगद जुर्माना वसूला गया। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अमले द्वारा एक दिन पूर्व भी की गई इसी तरह की कार्रवाई में 5000 रूपये का जुर्माना वसूला जा चुका है।

### हरा और नीला डस्टबिन रखना अनिवार्य, अगली बार सीधे सील होगी दुकान

सीएमओ सुश्री सुरेखा जाटव ने दुकानदारों को कड़े शब्दों में हिदायत दी है कि सभी को अपनी-अपनी दुकानों के सामने अनिवार्य रूप से हरे और नीले रंग के डस्टबिन रखने होंगे ताकि सूखा और गीला कचरा अलग-अलग रखा जा सके। उन्होंने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि पहले दिन प्रशासन द्वारा केवल समझाइश और हिदायत दी जा रही है, लेकिन इसके बाद भी यदि दुकानदारों ने नियमों का उल्लंघन किया, सामान बाहर रखा या गंदगी फैलाई, तो अगली बार बिना किसी रियायत के भारी जुर्माने के साथ दुकानें सीधे सील कर दी जाएंगी। इस दौरान सीएमओ ने मुख्य बाजार क्षेत्र के जयस्तंभ चौक से लेकर मोहन काका चौक, तुलसी चौक और पटवा लाइन की दुकानों का सघन निरीक्षण किया।

### निर्देश दिए, नहीं माने तो होगी कार्रवाई : सीएमओ

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव ने कहा कि मेरे द्वारा पहले दिन बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है और सभी दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे अपनी दुकान की हद में ही सामग्री रखें और बाजार में गंदगी न फैलाएं। यदि इसके बाद भी सुधार नहीं हुआ, तो आगामी दिनों में और अधिक सख्ती बरतते हुए जुर्माने के साथ-साथ दुकानें सील करने की दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# साइबर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

थाना सोहागपुर पुलिस ने साइबर फ्रॉड के एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए रू8.50 लाख की ऑनलाइन ठगी के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। तकनीकी साक्ष्यों और बैंक खातों के विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने आरोपी को उड़ीसा के राउरकेला से गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस द्वारा आंशिक राशि फरियादी को वापस भी कराई गई है।

### फर्जी लिंक भेजकर निकाले गए 8.50 लाख

पुलिस के अनुसार 22 सितंबर 2025 को फरियादी हरीश माहेश्वरी, पिता कैलाश माहेश्वरी, उम्र 46 वर्ष, निवासी सेमरीहरचंद, ने थाना सोहागपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि धान विक्रय से संबंधित उपभोक्ता फोरम में दर्ज शिकायत के नाम पर दस्तावेज अपलोड करने के लिए एक लिंक भेजा गया। फरियादी द्वारा लिंक पर जानकारी दर्ज करने के बाद साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते से रू 8,50,000 की राशि निकाल ली।

शिकायत के आधार पर थाना सोहागपुर में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 542/25 के तहत धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं आईटी एक्ट की धारा 66(सी) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम शसाईकृष्ण एस. थोटा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन (रा. पु. से.) तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोहागपुर संजू चौहान (रा. पु. से.) के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में साइबर जांच की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने बैंक खातों का विश्लेषण किया, जिसमें पता चला कि फरियादी के खाते से निकाली गई 8.50 लाख की राशि संदिग्ध नेहा सिंह के बैंक खाते में स्थानांतरित हुई थी। इस राशि में से रू 4.50 लाख पुलिस ने फरियादी के खाते में वापस कराने में सफलता प्राप्त की।

### राउरकेला निवासी आरोपी गिरफ्तार

जांच में सामने आया कि शेष रू 3.50 लाख आरोपी कन्हा, पिता श्रीकांत नाग, उम्र 26 वर्ष, निवासी ए-92, सेक्टर-15, राउरकेला, उड़ीसा के बंधन बैंक शाखा राउरकेला स्थित खाते में ट्रांसफर किए गए थे। आरोपी ने यह राशि एटीएम के माध्यम से निकाल ली थी। पुलिस ने आरोपी कन्हा पुत्र श्रीकांत नाग को 30 मई 2026 को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# इच्छुक बालिकाओं से आवेदन 25 जुलाई तक आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बेटियों को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने की दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग नर्मदापुरम द्वारा मिशन शक्ति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 'सशक्त वाहिनी अभियान' के अंतर्गत पुलिस भर्ती सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जाएगी। इस अभियान के तहत बालिकाओं और युवतियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा कोचिंग दी जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी में मदद करना है, साथ ही अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी मार्गदर्शन मिलेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम संजय कुमार जैन ने बताया कि इच्छुक बालिकाओं से 25 जुलाई 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन वन स्टॉप सेंटर, शासकीय पीएम श्री (नर्मदा) महाविद्यालय के सामने, जिला नर्मदापुरम में जमा किए जा सकते हैं। पात्रता के लिए आवेदिका का 18 वर्ष की आयु पूर्ण होना और कक्षा 12 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों के लिए 3 महीने का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा।

# सीएमओ ने की जनसुनवाई, शिकायतों का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा नगरपालिका कार्यालय में जनसुनवाई की गई। इस दौरान उन्होंने नागरिकों की समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित शाखा को भेजकर आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष यादव एवं सीएमओ देशमुख के निर्देशन में गुरूवार को करीब 15 से अधिक आवेदन आए जिनमें से अधिकांश समस्या का समाधान किया गया। साथ ही जांच योग्य आवेदनों को निराकरण के लिए संबंधित शाखा को भेजा गया।* जनसुनवाई दौरान उपयंत्री दीक्षा तिवारी, आयुषी रिछारिया, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, पार्षदगण वंदना चुटीले, रेखा यादव, बंटी परिहार, नरेंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे।



### तत्काल बनाया प्रमाण पत्र

जनसुनवाई में वार्ड नंबर 18 की आवेदिका द्वारा शादी हो जाने के उपरांत अपने पिता के राशन कार्ड से अपना नाम समर्पण किया। उन्हें तत्काल प्रमाण पत्र दिया गया। इसी तरह वार्ड क्रमांक 31 की महिलाओं ने बताया कि उनके वार्ड में पेयजल सप्लाई के दौरान गंदा पानी आ रहा है। उनके आवेदन पर सुनवाई करते हुए नपाध्यक्ष और सीएमओ ने जल प्रदाय शाखा को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह जनसुनवाई पीएम आवास योजना, पेंशन योजना, राशन, समग्र आईडी सहित अन्य समस्याएं आई थीं जिनका निराकरण किया गया।

### जिले में खेत बचाओ अभियान संपन्न

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में चल रहे भारत सरकार के ₹खेत बचाओ अभियान₹ 01 जून से 30 जून तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान का मुख्य उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के दुष्प्रभाव से मिट्टी और खेतों को बचाना तथा किसानों की लागत कम कर आय बढ़ाना रहा। संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास भोपाल के निर्देशानुसार किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ₹आत्मा₹ एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त मैदानी दल ने पूरे जिले में अभियान चलाया। टीम में कृषि वैज्ञानिक, कृषि विस्तार अधिकारी, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक शामिल थे।

# केसला में 'विकसित भारत—गारंटी फॉर रोजगार मिशन' का शुभारंभ किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




जिले के केसला स्थित मंगल भवन में गुरुवार को 'विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' का जिला स्तरीय शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में होशंगाबाद-नरसिंहपुर सांसद दर्शन सिंह चौधरी (मुख्य अतिथि), राज्यसभा सांसद माया नारोलिया और क्षेत्रीय विधायक प्रेमशंकर वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किए गए योजना के राष्ट्रव्यापी शुभारंभ का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि यह मिशन हर गांव को समृद्ध और हर हाथ को काम देने का संकल्प है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को हर वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी। तय समय में रोजगार न मिलने पर बेरोजगारी भत्ते का भी प्रावधान है। सांसद ने संसद में इस बिल पर अपने विचार रखने का अवसर मिलने पर गर्व भी जताया।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजना की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष राधा सुधीर पटेल, सीईओ हिमांशु जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और अधिकारी मौजूद रहे।

### जार में कुछ जगहों पर पेवर ब्लॉक लगाने के लिए कराया गया मापन कार्य

सोहागपुर। सोहागपुर नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने गुरुवार को सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा व सेनेटरी इंस्पेक्टर संजय दुबे के साथ शहर के मुख्य बाजार का भ्रमण किया। उन्होंने बरसात में जलभराव वाले स्थलों का निरीक्षण किया व जन सुविधा के लिये उचित व्यवस्था बनाने के निर्देश अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये हैं। नगर परिषद सोहागपुर स्वच्छता समन्वयक नीरज मलैया ने कभा कि नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल एवं सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा द्वारा नगर के बाजार क्षेत्र में वर्षा के दौरान उत्पन्न हो रही जलभराव की समस्या का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुरानी नगर पालिका भवन के पीछे बने टीनशेड के दोनों ओर एकत्रित हो रहे पानी का जायजा लेने के साथ-साथ बाजार क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष व अधिकारियों ने दुकानदारों से भी चर्चा की। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष लता पटेल ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नगर के किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न ना हो तथा नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने जल निकासी व्यवस्था को प्रभावी एवं सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिये। वहीं बीकानेर मिष्ठान भंडार के सामने फुटपाथ पर बने गड्ढों में पानी भरने की समस्या के स्थायी समाधान के लिए पेवर ब्लॉक लगाने के लिये स्थल की नपाई भी कराई गई। नगर परिषद अध्यक्ष ने बताया कि परिषद द्वारा वर्षाकाल में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं जलभराव की समस्या के त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही लगातार की जा रही है। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल एवं पूर्व पार्षद जगदीश अहिरवार सहित नपकर्मी एचएल परते, बहादुर आम्रवंशी आदि उपस्थित रहे।

# ट्यूबवेल की मंजूरी, रेलवे अंडरपास और ब्रिज के लिए सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्थानीय रेस्टहाउस में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने वार्ड क्रमांक 8 के लिए एक नए ट्यूबवेल की तत्काल स्वीकृति प्रदान की। वार्ड पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया और पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया ने क्षेत्र में पेयजल संकट को देखते हुए यह मांगपत्र सौंपा था। साथ ही, वार्ड के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपये की राशि की भी मांग की गई।

जनसुनवाई के दौरान पार्षद प्रतिनिधि ने सांसद को अवगत कराया कि क्षेत्र में कलवर्ट पुलिया, रेलवे अंडरपास और फुटओवरब्रिज निर्माण की मांग लंबे समय से लंबित है। इसे गंभीरता से लेते हुए सांसद ने मौके से ही रेलवे अधिकारियों को फोन लगाकर तत्काल स्थल का सर्वे कर मैप और प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रस्ताव बनते ही इन कार्यों को शीघ्र स्वीकृति दिलाई जाएगी।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, जेडआरयूसीसी सदस्य योगेंद्र सिंह राजपूत, नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत और प्रशांत अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।



# रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन की बैठक हुई




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेवानिवृत्ति डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ मध्य प्रदेश की प्रांतीय कार्यकारिणी की द्वितीय त्रैमासिक बैठक हैप्पी मैरिज गार्डन नर्मदापुरम में गुरूवार को क्षेत्रीय समिति एवं जिला समिति नर्मदापुरम के संयोजन में प्रांताध्यक्ष इंजीनियर उमेश दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें पूरे प्रदेश से प्रांतीय क्षेत्रीय एवं जिला समितियों के 150 पदाधिकारी/सदस्य उपस्थित हुए । जिसमें वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष इंजीनियर आर.बी. नामदेव कार्यकारी प्रांताध्यक्ष इंजीनियर श्रीराम शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मोक्ष गुंडम विश्वेश्वरैया जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला एवं क्षेत्रीय समिति द्वारा मंचासीन पदाधिकारियों एवं समस्त सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन जिला समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## गतिरोध के बाद पथरोटा पॉवरग्रिड में खुला श्री टैगोर विद्या मंदिर स्कूल

# क्षतिग्रस्त हिस्से को छोड़कर स्कूल संचालित किया जाएगा और जहां जरूरत है वहां प्रबंधन मरम्मत कराएगा: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

लंबे गतिरोध और अनिश्चितता के बाद आखिरकार पथरोटा इटारसी के पॉवरग्रिड परिसर में स्थित श्री टैगोर विद्या मंदिर स्कूल में कल से नियमित कक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। स्कूल को चालू रखने के लिए संघर्ष समिति और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों के बाद आज स्कूल परिसर में हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया।

इससे पहले पॉवरग्रिड प्रबंधन ने मेनिट की रिपोर्ट का हवाला देते हुए स्कूल भवन को खतरनाक घोषित कर दिया था और यहां स्कूल संचालित करने से असहमति जताई थी। इसके बाद स्कूल बचाओ संघर्ष समिति की पहल पर सांसद दर्शन सिंह और विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने लोक निर्माण विभाग से भवन की जांच कराई। पीडब्ल्यूडी ने अपनी रिपोर्ट में एक बेहद क्षतिग्रस्त कमरे को छोड़कर, मामूली मरम्मत के बाद भवन में एक वर्ष तक कक्षाएं लगाने की अनुशंसा की। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने स्पष्ट किया कि क्षतिग्रस्त हिस्से को छोड़कर स्कूल संचालित किया जाएगा और जहां जरूरत है वहां प्रबंधन मरम्मत कराएगा। पॉवरग्रिड और स्कूल प्रबंधन के बीच 2027 तक का एग्रीमेंट है, और आगे भी स्कूल को सुचारू रखने की चिंता की जाएगी। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने बच्चों के भविष्य को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि स्कूल प्रबंधन नई बिल्डिंग बनाने के लिए तैयार हो गया है। यदि आवश्यकता पड़ी, तो वे अपनी सांसद निधि से भी राशि देने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, एसडीएम नीलेश शर्मा, दीपक हरिनारायण अग्रवाल, योगेन्द्र सिंह राजपूत सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्कूल प्रबंधन के सुरेश गोयल, संघर्ष समिति के सदस्य संदीप मेहतो व योगीराज पटेल, तहसीलदार हीरू कुमरे, डीपीसी राजेश जायसवाल, बृजेश पटेल, अर्चना महतो, उमेश पटेल, जिला विकास समिति से प्रशांत अग्रवाल, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, विजय बाबू चौधरी, स्कूल बचाओ संघर्ष समिति से अजय आदि मौजूद रहे।



# भूमिपूजन: भगत सिंह नगर में बनेगी 100 मीटर की सीसी सड़क



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड क्रमांक 26 के भगत सिंह नगर में नबी खान के मकान से अंसारी के मकान तक 100 मीटर लंबी सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक निधि से किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई।

नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि सड़क बनने से क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और बरसात के दिनों में जलभराव जैसी समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद बिना किसी भेदभाव के सभी वार्डों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। हमारा उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक बेहतर मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने नागरिकों से निर्माण कार्य में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सड़क की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में जनता की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

खबर संक्षेप

### भैंसदेही की छात्रा का एनआईएफटी भोपाल में चयन

**बैतूल।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, भैंसदेही की छात्रा पदमा मर्सकोले ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एनआईएफटी, भोपाल के




बैचलर ऑफ डिज़ाइन पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। छात्रा पदमा मर्सकोले ने कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय की परीक्षा 89.4 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। उसकी इस उपलब्धि के पीछे उसकी मार्गदर्शक सुश्री श्रद्धा गैरोला, पीजीटी (कॉमर्स) का अथक परिश्रम, सतत मार्गदर्शन एवं प्रेरणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। छात्रा की इस उल्लेखनीय सफलता पर कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, तथा सहायक आयुक्त श्रीमती वत्सला शिवहरे ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा, उसके अभिभावकों, मार्गदर्शक शिक्षिका एवं विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विद्यालय के प्राचार्य निशांत भाई पंड्या ने इस सफलता का श्रेय छात्रा की लगन, निरंतर मेहनत तथा शिक्षिका के समर्पित मार्गदर्शन को देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी विद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं एवं प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित होकर विद्यालय एवं जिले का गौरव बढ़ाते रहेंगे।

### सेन समाज ने किया डॉक्टरों का सम्मान

**बैतूल।** पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री, भारत रत्न और डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में भारत में 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। सेन समाज के द्वारा डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में शहर के डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। जिसमें शहर के डॉक्टर रमेश बडवे, डॉ.विनय सिंह चौहान, डॉ.कमलेश पारधे, डॉ.अरुण जयसिंगपुरे, डॉ.विनोद बर्डे, डॉ.विजय गुप्ता, डॉ.अंकित अग्रवाल को समाज द्वारा शाल श्रीफल और पौधा भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष शिवनंदन श्रीवास ने डॉक्टरों की सराहना करते हुए कहा कि उनका समर्पण और करुणा भारत के हेल्थ केयर सिस्टम की रीढ़ है। संजू श्रीवास ने कहा कि डॉक्टर्स कई बार विपरीत परिस्थितियों में मरीजों की जान बचाते हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोणवने के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश वर्मा ने विगत दिवस आंगनवाड़ी केंद्र भिलवाटेक, चिखलार एवं रानीपुर- 1 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीनों केंद्र खुले पाए गए तथा सभी जगह बच्चों की भी उपस्थित थी, किंतु आंगनवाड़ी केंद्र भिलवाटेक एवं चिखलार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित पाई गई। जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री वर्मा ने अनुपस्थित कार्यकर्ताओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश संबंधित परियोजना अधिकारी को दिए।

## 65,648 टोकन लैप्स, सिर्फ 1.27 लाख को मिली खाद

# ई-टोकन व्यवस्था किसानों के लिए बनी परेशानी का कारण!



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ई-टोकन व्यवस्था किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के लिए लागू की गई है, लेकिन यह व्यवस्था किसानों के लिए परेशानी बन गई है। इसके पीछे कारण ई-टोकन की वैधता की निर्धारित समय अवधि है। यदि किसान समय सीमा में खाद नहीं लेते है तो ई-टोकन लैप्स हो जाते है। जिसके बाद किसानों को दोबारा ई-टोकन जनरेट करना पड़ता है। जिससे किसान परेशान है। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में अब तक 2 लाख 620 ई-टोकन जारी किए गए हैं। इनमें से 1 लाख 27 हजार 564 टोकन पर खाद का वितरण किया गया है, जबकि 65 हजार 648 टोकन लैप्स हो गए। किसानों ने बताया कि पहले ई-टोकन की वैधता केवल 48 घंटे थी। इस अवधि में किसान को टोकन जनरेट कराना, आवंटित केंद्र तक पहुंचना, परिवहन की व्यवस्था करना और लंबी कतार में लगकर खाद लेना पड़ता था। खेतों में बोनी का दबाव, बारिश की अनिश्चितता और ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के बीच यह व्यवस्था किसानों के लिए आसान नहीं थी। हजारों टोकन लैप्स होने के बाद अब शासन ने अवधि बढ़ाकर 72 घंटे कर दी है, लेकिन इस अवधि में भी किसान दुकान या सोयायटी नहीं पहुंच पा रहे है। किसानों का कहना है कि जब टोकन में उनके गांव या नजदीकी केंद्र के बजाए दूसरे विकासखंड की सोसायटी अथवा निजी दुकान का पता दिया जाएगा, तो सीमित समय में वहां पहुंचना संभव नहीं है।

### खाद लेने नहीं पहुंचे इसलिए लैप्स हुए टोकन

विभाग का कहना है कि किसान निर्धारित समय में सोसायटी या दुकान तक खाद लेने नहीं पहुंचे, जिसकी वजह से टोकन लैप्स हो गये। किसानों ने बताया कि सर्वर धीमा होने के कारण कई किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। गांवों में तकनीकी संसाधन सीमित होने से किसान साइबर कैफे का सहारा लेते हैं, जहां एक टोकन के लिए करीब 30 रुपए तक खर्च करना पड़ता है। आंकड़ों में यह दावा सही हो सकता है, लेकिन वितरण की मात्रा बढने भर से व्यवस्था किसान हितैषी नहीं हो जाती। असली कसौटी यह है कि किसान को खाद कब, कहां और कितनी आसानी से मिल रही है। यदि किसान टोकन के लिए पैसे खर्च करे, सर्वर के इंतजार में समय गंवाए और फिर दूसरे ब्लॉक की दुकान तक पहुंचने में अतिरिक्त किराया दे, तो ई-टोकन व्यवस्था उसकी सुविधा नहीं बल्कि एक नई बाधा बन जाती है।

### दूसरे ब्लाक की दुकानों का मिल रहा टोकन

सरकार ने ई-टोकन व्यवस्था किसानों की सहुलियत के उद्देश्य से लागू की थी लेकिन यह व्यवस्था किसानों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रही है। सबसे बड़ी परेशानी तो यह है कि ई- टोकन में जिस दुकान का पता दिया जा रहा है वह अन्य विकासखंड या दूर की होने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह है कि चांदबेला ग्राम में रहने वाले किसानों को खाद के लिए शाहपुर ब्लाक की खाद दुकानें का पता दिया गया। ऐसे में किसानों का समय और धन दोनों खर्च हो रहे है। किसान गुणवंत ने बताया कि 18 बोरी खाद के लिए उन्हें भीमपुर से शाहपुर आना पड़ा। इसके बाद उन्हें शाहपुर से बीजादेही का रास्ता दिखाया गया। इससे नाराज किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर नाराजगी भी जाहिर की। इधर कृषि विभाग के अधिकारीयो से जब इस सम्बंध में बात की, तो उनका कहना था कि स्लॉट 10 बजे ओपन हो जाता है, पोर्टल पर पूरे जिले की दुकानों का स्टॉक शो होता है। किसान को स्वयं चयन करना होता है कि वह कहा से सुविधापूर्वक खाद ले सकता है। यदि पोर्टल में किसी दुकान पर स्टाक शो हो रहा है तो फिजिकल भी होगा ही।

### 65153 एमटी बांटी खाद, 26900 स्टॉक

जिले में खाद के भंडारण के आंकड़े भी उपलब्धता का दावा मजबूत करते हैं। कृषि विभाग के अनुसार जिले को अब तक 92053 मेट्रिक टन खाद मिल चुकी है, जिसमें से विभाग ने 65253 मेट्रिक टन खाद का वितरण कर दिया है, वहीं 26900 मेट्रिक टन खाद का स्टॉक विभाग के पास उपलब्ध है। बताया जा रहा है कि यूरिया का 56420 एमटी भंडारण किया गया था, जिसमें से 42518 एमटी यूरिया का वितरण किया गया, वहीं 13902 एमटी यूरिया स्टॉक में मौजूद है। इसी तरह एसएसपी 11804 एमटी भंडारण किया था, इसमें से 5239 एमटी खाद का वितरण एवं 6565 एमटी उपलब्ध है। डीएपी का 7987 भंडारण, वितरण 7656 एवं 331 स्टॉक शेष है। एमओपी 2811 एमटी भंडारण किया था। वहीं 1519 एमटी का वितरण और 1292 एमटी स्टॉक उपलब्ध है। एनपीके का 13031 एमटी भंडारण किया था। जिसमें 8221 एमटी वितरण और 4810 एमटी स्टॉक उपलब्ध है। पिछले वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 30 सितंबर 2025 तक 106009 एमटी खाद का विक्रय किया था, इसे देखते हुए इस बार 1 लाख 27 हजार 400 एमटी खाद की मांग भेजी गई है।

**इनका कहना है -**

खाद वितरण में ई-टोकन को लेकर किसानों को आ रही समस्याओ को देखते हुए शासन ने ई-टोकन की वैधता को बढ़ाकर तीन दिन कर दिया है। विभाग द्वारा इस सीजन में पिछले साल के लगभग समतुल्य खाद का वितरण किया जा चुका है। हमारा प्रयास है कि जिले में किसानों को खाद की कमी नही होनी पाए।

- रामगोपाल रजक,
उप संचालक कृषि विभाग बैतूल

# बेटे ने पिता की हत्या कर नदी में छुपाया शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

खेती के पैसों के विवाद में बेटे ने माँ के साथ मिलकर पिता की गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को नदी में छुपा दिया। इस मामले में पुलिस ने मृतक के बेटे और उसकी पत्नि दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 25 जून को आमला क्षेत्र स्थित कुड़मुड नदी की सूखी पुलिया के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने पर थाना आमला में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। शव की पहचान बाद में ग्राम शंभुढाना बड़ाखारी निवासी लब्बू यादव के रूप में हुई।

मर्ग जांच के दौरान शव पंचनामा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, परिजनों एवं प्रत्यक्षदर्शियों के कथनों सहित सभी तथ्यों का बारीकी से परीक्षण किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गला घोंटने से होना पाया गया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि मृतक के पुत्र संदीप यादव का अपने पिता से खेती न करने देने, खर्चे के लिए पैसों न देने एवं गाली गलौज कर वाद-विवाद करते रहने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी के चलते उसने अपनी मां सुनीता यादव के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। 22-23 जून की दरम्यानी रात रेलवे स्टेशन से लौटते समय संदीप ने गमछे से अपने पिता का गला घोंटकर हत्या कर दी तथा शव को कुड़मुड नदी के सूखे हिस्से में छिपा दिया। जांच में यह भी सामने आया कि घटना की पूरी जानकारी होने के बावजूद आरोपी की मां सुनीता यादव ने अपने पुत्र का साथ दिया, साक्ष्य छिपाने में सहयोग किया तथा बाद में थाना बोरदेही में अपने पति की झूठी गुमशुदगी दर्ज कराकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। जांच में यह भी पाया गया कि वह अपने पुत्र को लगातार मृतक के विरुद्ध भडक़ाती एवं उकसाती रही थी। साक्ष्यों एवं जांच के आधार पर थाना आमला में धारा 103(1), 238(ए) एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर सुनिता पति लब्बू यादव (40) निवासी ग्राम शम्भूढाना बडाखारी थाना बोरदेही और संदीप यादव पिता लब्बू यादव (19) निवासी निवासी ग्राम शम्भूढाना बडाखारी थाना बोरदेही दोनों आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया है। इस अंधे हत्याकांड का सफल खुलासा निरीक्षक मुकेश ठाकुर थाना आमला, उनि. बलराम यादव, सउनि. मूलचंद अनंत , प्रआर. बसंत उईके, प्रआर. कमल पांसे, आर. रोहित कुशवाह, आर. नागेद्र सिंह, आर. विवेक पाल ,आर. तिलक कुडापे म.आर. विनिता नागवंशी, म.आर. प्रियांशी पटेल थाना आमला द्वारा की गई गहन विवेचना, वैज्ञानिक जांच एवं साक्ष्यों के सूक्ष्म विश्लेषण के आधार पर संभव हो सका।




## सेवानिवृत्ति पर दी शिक्षक को विदाई

**शाहपुर।** विकासखंड शाहपुर के कुंडी संकुल की माध्यमिक शाला पतौवापुरा में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत रामकिशन विश्वकर्मा सेवानिवृत हुए। उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर माध्यमिक शाला पतौवापुरा के स्टाफ एवं शाला परिसर के समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाहपुर से जीआर बर्डे, पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाहपुर, सेवानिवृत वीरेंद्र कुमार नामदेव, एकलव्य शाला परिसर के समस्त शिक्षक एवं सुहागपुरढाना से राजेंद्र मालवीय एवं रिटायर्ड शिक्षक सुशील कुमार महतो, हायर सेकेंडरी स्कूल भौरा से पंकज मालवीय, एवं कुंडी संकुल से सीएसी मैडम दीपना जगताप एवं हाई स्कूल कुंडी से दुबे सर, कन्या उत्कृष्ट विद्यालय घोड़ाडोंगरी से स्मिता जैन, चिखल्दा खुर्द से विवेक मासोदकर, बबीता सिरोरिया एवं बैतूल कन्या शिक्षा परिसर से शिक्षक अशोक सिंघारे भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। सभी के द्वारा उनका सम्मान शाल एवं श्रीफल से माल्यार्पण कर किया गया। विश्वकर्मा सर के द्वारा अपने कार्यकाल में माध्यमिक शाला पतवापुरा में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को बहुत सी नई गतिविधियां समझाई गई। वृक्षारोपण किया गया। छात्र-छात्राओं को गणित संबंधी नई विधाएं बताई गई। एकलव्य शाला परिसर शाहपुर में उनके द्वारा सरल गणित की प्रयोगशाला बनाई गई है। एकलव्य शाला परिसर के शिक्षकों से उनके द्वारा अनुरोध किया गया है, कि इस गणित की प्रयोगशाला का सुंदर प्रयोग करें।

## विधायक गंगा उइके ने सीएम को सड़कों की स्वीकृति हेतु लिखा पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिचोली/बैतूल

चिचोली के ग्रामीणों को सीधे और सुचारू आवागमन में हों रही परेशानियों कों दृष्टिगत रखते हुए विधायक गंगा सज्जनसिंह उइके ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर चिचोली ब्लाक की छह सडक़ों को शीघ्र ही स्वीकृति दिलवाने की मांग की हैं, जिससे क्षेत्र के आमजनों कों आवागमन में और अधिक सुविधा मिल सके। दरअसल कुकरू खामला में बीते दिनों दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के दौरान विधायक श्रीमती गंगा सज्जनसिंह उइके ने चिचोली ब्लाक में जिन छह सडक़ों कों स्वीकृति दिलवाने का पत्र दिया।

उसमें नेशनल हाइवे चिरापाटला से लीलादेव जिला लाईन तक की सडक़, झिरनाढाना में प्रधानमंत्री सडक़ से रामदयाल के घर तक की सडक़, गोधना में प्रधानमंत्री सडक़ से सेमलबर्रा मानक इवने के घर तक सडक़, चुरनी में प्रधानमंत्री सडक़ से सिंगाजी मंदिर मुण्डी ढाना तक सडक़ एवं ग्राम बारंगवाड़ी नदी जोड़ से गोण्डुमंडाई तक सडक़ तथा गवासेन के ग्राम हर्राई मे मुकेश आर्य के घर से शांतिधाम तक पक्की सडक़ों के निर्माण कार्य को स्वीकृति दिलवाने की मांग पत्र के माध्यम से की है।

## एसपी ऑफिस के पास व्यापारियों से लूट का प्रयास

### मिर्च पाउडर झोंककर चाकू दिखाया, शोर मचते ही भागे बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के गंज थाना क्षेत्र में बुधवार रात दो किराना व्यापारियों से मिर्च पाउडर झोंककर लूट का प्रयास किया गया। व्यापारी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तभी बदमाशों ने उन पर हमला किया। हालांकि, व्यापारियों के शोर मचाने और लोगों के पहुंचने पर बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना शहर के सबसे संवेदनशील इलाके में हुई, जो पुलिस कंट्रोल रूम, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और पुलिस लाइन से महज कुछ ही दूरी पर स्थित है। इस वारदात ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, प्रेमी किराना के संचालक ललित कुमार पोपली और निर्मल पोपली बुधवार रात करीब 10 बजे अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। गंज के



रामकृष्ण बगिया के पास मुख्य मार्ग से अंदर मुड़ते ही काले और लाल रंग की बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोका। आरोपियों ने व्यापारियों की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया और चाकू दिखाकर लूटने का प्रयास किया। व्यापारियों की चीख-पुकार सुनकर लोग जमा होने लगे। लोगों को अपनी ओर आता देख दोनों बदमाश अपनी बाइक से मौके से फरार हो गए। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि बदमाश पहले से ही व्यापारियों की रेकी कर रहे थे। दुकान बंद होने के बाद उन्होंने व्यापारियों का पीछा किया और वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। गुरुवार दोपहर पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन और गंज थाना प्रभारी नीरज पाल पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जुटाना शुरू कर दिया है। पुलिस निगरानी बदमाशों की गतिविधियों और उनकी मोबाइल लोकेशन भी खंगाल रही है, ताकि आरोपियों तक जल्द पहुंचा जा सके। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। इधर, इसी क्षेत्र में स्थित श्री राम पूजा सामग्री की दुकान से इलेक्ट्रॉनिक कांटा चोरी होने का मामला भी सामने आया है।

## 3 दिन बाद भी नहीं हुई अज्ञात शव की पहचान

**बैतूल।** सदर ओवरब्रिज पर मंगलवार सुबह मिले अज्ञात व्यक्ति की पहचान तीन दिन बाद भी नहीं हो सकी है। कोतवाली पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के लिए हरसंभव प्रयास किए, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली। ऐसे में गुरुवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव का अंतिम संस्कार कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह डायल-112 पर सदर ओवरब्रिज पर एक व्यक्ति के पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने देखा कि उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के चेहरे और सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले। प्रारंभिक जांच में मामला किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई मौत यानी हिट एंड रन का माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक ने काले रंग की टी-शर्ट, नीली जींस और पीले रंग का गमछा पहन रखा था। उसके पास कोई पहचान पत्र, मोबाइल या अन्य सामान नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने जिले सहित आसपास के कई थाना क्षेत्रों में उसका फोटो और हुलिया भेजा। वायरलेस संदेश प्रसारित किए गए। व्हाट्सएप ग्रुप और सोशल मीडिया के माध्यम से भी जानकारी साझा की गई।

## रेत के अवैध भंडारण पर राजस्व एवं खनिज अमला की कार्रवाई



**भैंसदेही।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 1 जुलाई को भैंसदेही तहसील के ग्राम चिचोलीढाना एवं भैंसदेही नगर स्थित निजी भूमि पर खनिज रेत के अवैध भण्डारण की सूचना मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैंसदेही के नेतृत्व में राजस्व एवं खनिज अमले द्वारा संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही करते हुए उक्त क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। मौका निरीक्षण के दौरान ग्राम चिचोलीढाना में मंदिर ट्रस्ट के नाम दर्ज भूमि पर अंशुल राठौर निवासी चिचोलीढाना द्वारा लगभग 70 घन मीटर खनिज रेत का अवैध भण्डारण किया जाना पाया गया। इसी प्रकार भैंसदेही नगरीय क्षेत्र में दीपक नरवरे निवासी भैंसदेही द्वारा लगभग 40 घन मीटर खनिज रेत का अवैध भण्डारण किया जाना पाया गया। जांचकर्ता अधिकारी द्वारा उक्त दोनों क्षेत्र में अवैध रूप से भंडारित खनिज को विधिवत जप्त कर खनिज नियमों के अंतर्गत कार्यवाही की गई।

## बायोमेट्रिक उपस्थिति में बरती लापरवाही, कर्मचारी कार्यमुक्त

**बैतूल।** नपा में अनुशासन एवं कार्य संस्कृति को मजबूत बनाने के लिए सीएमओ नवनीत पाण्डेय ने सख्त कदम उठाए हैं। उनके निर्देश पर बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं कराने और बिना अनुमति लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले 24 कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया है। नगरपालिका में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में सीएमओ ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज नहीं कराने वाले तथा कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए। समीक्षा के दौरान ऐसे कर्मचारियों की सूची तैयार कर उन्हें कार्य से पृथक करने का निर्णय लिया गया। सीएमओ नवनीत पाण्डेय ने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका में अनुशासनहीनता, अनियमित उपस्थिति और कार्य के प्रति उदासीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने तथा निर्धारित समय पर आ दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। कार्रवाई की जद में आए कर्मचारियों में आउटसोर्स कर्मचारी अंकित यादव, आशीष विश्वकर्मा, दुर्गेश बार्डे, हरीश देवहरे, हिमांशु सेमरे, जतिन रगड़े, मनोज झोबड़े, मोहन वडीवा, नेहल विन्नितकर, निखिल विन्नितकर, पंकज सिंह ठाकुर, पवन दवांदे, राहुल आमझरे, राजेश विश्वकर्मा, रामदयाल उइके, रामरतन सरयाम, रिंकल नागले और शिवशंकर ठाकुर शामिल हैं।

### 200 लीटर डीजल व 50 लीटर पेट्रोल की वन-टाइम खरीद सीमा हटी

# अब आवश्यकतानुसार लोगों को मिलेगा डीजल-पेट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

ईरान-इजरायल के बीच तनाव के दौरान संभावित ईंधन संकट को देखते हुए शासन द्वारा डीजल एवं पेट्रोल की एकमुश्त खरीद पर लगाया गया अस्थायी प्रतिबंध अब समाप्त कर दिया गया है। इसके साथ ही अब सभी प्रकार के उपभोक्ता अपनी आवश्यकता के अनुसार किसी भी मात्रा में डीजल और पेट्रोल की खरीद कर सकेंगे। इस संबंध में स्थानीय पेट्रोल पंप संचालकों को भी आवश्यक निर्देश प्राप्त हो चुके हैं। प्रतिबंध हटने के बाद परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय बस एवं ट्रक संचालकों का कहना है कि पहले एक बार में अधिकतम 200 लीटर डीजल भरवाने की सीमा के कारण लंबी दूरी पर जाने वाले वाहनों के संचालन में




व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बस एवं ट्रक संचालकों ने बताया कि उनके वाहन मध्यप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों तक नियमित रूप से संचालित होते हैं। ऐसे में उस समय विभिन्न राज्यों में डीजल-पेट्रोल की संभावित कमी की खबरें सामने आने से चिंता बनी रहती थी कि यात्रा के दौरान समय पर ईंधन उपलब्ध होगा या नहीं। अब प्रतिबंध हटने के बाद वाहन स्थानीय पेट्रोल पंपों से ही फुल टैंक कर अपने गंतव्य के लिए रवाना किए जा सकेंगे, जिससे संचालन अधिक सुगम होगा।

ट्रक संचालक एवं कृषक नंदन पवार ने बताया कि मुलताई क्षेत्र में डीजल-पेट्रोल की वास्तविक कमी जैसी स्थिति कभी उत्पन्न नहीं हुई। महाराष्ट्र एवं अन्य क्षेत्रों से कमी की खबरें आने के कारण कुछ उपभोक्ताओं ने आवश्यकता से अधिक ईंधन संग्रह करना शुरू कर दिया था, जिससे कुछ समय के लिए पेट्रोल पंपों पर भीड़ बढ़ गई थी। हालांकि स्थिति शीघ्र ही सामान्य हो गई और नगर में ईंधन की उपलब्धता लगातार बनी रही। बैतूल बाजार निवासी कृषक प्रसून चौधरी ने बताया कि सरकार द्वारा आदेश जारी होने के बाद शुरुआत के तीन-चार दिन तो किसानों को बड़ी दिक्कत गई, क्योंकि उन्हें ट्रैक्टर के लिए केन में डीजल पंप संचालकों द्वारा नहीं दिया जा रहा था। चुकि हमारे क्षेत्र में इंडस्ट्रीज नहीं है, इसलिए डीजल का उपयोग खेती किसानी के लिए ही किया जाता है, ना कि इंडस्ट्रीज के लिए, शासन को चाहिए था कि प्रतिबंध लगाने के स्थान पर इंडस्ट्रीज की जांच करवाती है और किसानों को आवश्यकता अनुसार डीजल उपलब्ध कराती इससे किसान होने वाली समस्या से बच सकते थे।

दिनेश ऑप्टिकल के संचालक एवं कृषक प्रकाश पवार का कहना है कि मुलताई क्षेत्र में कोई बड़ा औद्योगिक क्षेत्र नहीं होने तथा अधिकांश किसान छोटे एवं मध्यम वर्ग के होने के कारण यहां डीजल-पेट्रोल की खपत अपेक्षाकृत सीमित रहती है। इसलिए न तो प्रतिबंध लागू होने से कोई विशेष परेशानी हुई और न ही उसके हटने से बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आवश्यकता के अनुसार ईंधन लगातार उपलब्ध रहा है। इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप संचालक नीलेश अग्रवाल ने बताया कि उनके पेट्रोल पंप पर डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता कभी प्रभावित नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण संभावित संकट की आशंका थी, तब शासन द्वारा एक बार में 200 लीटर डीजल और 50 लीटर पेट्रोल की खरीद सीमा निर्धारित करना एक दूरदर्शी निर्णय था। इससे अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकी और वितरण व्यवस्था सुचारु बनी रही।

खबर संक्षेप

### अशोक भाटी को बुधनी विधानसभा प्रभारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**भैरूंदा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल ने वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक भाटी को बुधनी विधानसभा अध्यक्ष (प्रभारी) नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। बताया गया है कि अशोक भाटी लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े हुए हैं और पार्टी की विचारधारा के साथ लगातार काम करते आ रहे हैं। संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और आम लोगों की समस्याएं उठाने में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारियों का कहना है कि भाटी के अनुभव और सक्रियता का लाभ अब बुधनी विधानसभा क्षेत्र को मिलेगा। उनके नेतृत्व में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, युवाओं और महिलाओं को जोड़ने और जनहित के मुद्दों को आगे बढ़ाने का काम तेज होगा। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई है कि अशोक भाटी अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाते हुए क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को और मजबूत बनाएंगे।

### फुटबॉल खिलाड़ियों का ट्रायल आज से

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर गुरुवार शाम 4 बजे सीहोर के चर्च ग्राउंड फुटबॉल मैदान पर टैलेंट सर्च प्रोग्राम के अंतर्गत फुटबॉल खिलाड़ियों का ट्रायल का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग और जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में किया जाएगा।

## कांग्रेस ने किसानों के समर्थन में किया विशाल धरना व प्रदर्शन

# किसानों को उनका अधिकार दिलाने के लिए वृहद आंदोलन तक करेंगे : पुष्पराज

**किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की है। साथ ही विविध अधिकार भी शासन तथा प्रशासन से मांगे हैं। वहीं कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार दोपहर पैदल रैली निकाली।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र के किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की है। साथ ही विविध अधिकार भी शासन तथा प्रशासन से मांगे हैं। इसके लिए किसानों व कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार दोपहर पैदल रैली निकाली। वहीं आमसभा का आयोजन भी किया, जिसमें किसानों की मांगों का उल्लेख किया गया। कांग्रेस नेता नीरज चौधरी ने बताया कि गुरुवार को नया बस स्टैंड सोहागपुर में कांग्रेसियों के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं एवं अधिकारों को लेकर विशाल धरना व प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र सोहागपुर के सैकड़ों किसानों ने सहभागिता की। नीरज चौधरी ने बताया कि धरना-प्रदर्शन में मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान तथा सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र से गत चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे व पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल सहित कांग्रेस के प्रदेश, जिला एवं विधानसभा स्तर के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता तथा सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। सभा में पुष्पराज पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण अन्नदाता परेशान हैं। प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के सम्मान, अधिकार और उनके हितों की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ती रहेगी।



### किसानों की मांग



कांग्रेस पार्टी ने किसानों की ओर से सरकार के समक्ष चार प्रमुख मांगें रखी हैं। तथा सभी मांगों को शीघ्र पूर्ण किए जाने की अपेक्षा सरकार से की है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है की मांग पूर्ति नहीं किये जाने पर सरकार को आंदोलन का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस की प्रमुख मांगे ये हैं-

- मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी तत्काल सुनिश्चित की जाए।
- खाद वितरण में लागू टोकन सिस्टम पूरी तरह बंद हो, ताकि किसानों को घंटों इंतजार ना करना पड़े।
- सोहागपुर में स्थायी मूंग तुलाई केंद्र स्थापित किये जाएं, जिससे क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज की तुलाई के लिए दूसरे स्थानों पर न जाना पड़े।
- गेहूं एवं चने की खरीदी का पिछले तीन महीनों से लंबित भुगतान किसानों को तत्काल किया जाए।

### ये रहे उपस्थित

किसानों के धरना प्रदर्शन व आम सभा कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रदेश महामंत्री केलू उपाध्याय, बाबू चौधरी, मेहरबान सिंह पटेल, संतोष मालवीय, हरगोविंद पुर्विया, शैलेन्द्र दीवान, कोमल सिंह, जालम सिंह, राजा भैया, जेपी पटेल, राजकुमार, दौलतराम पटेल, छोटे हजूर, रिषभ दीक्षित, भूरा पटेल, हरिशंकर पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### होगा वृहद आंदोलन

यदि सरकार द्वारा किसानों की मांगों के अनुरूप कार्रवाई नहीं की जाती है, तो हम कांग्रेसी किसानों को उनका अधिकार दिलाने के लिए वृहद आंदोलन तक करेंगे। किसानों के हित के लिये सरकार का ज़ुल्म झेलने को भी हम तैयार हैं।

**पुष्पराज पटेल, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष।**

# प्राध्यापकों ने लंबित मांगों को लेकर शुरू आंदोलन किया

### शासन से की 6 सूत्रीय मांगें, काली पट्टी बांधी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय प्राध्यापक संघ ने अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन की प्रथम चरण की शुरुआत की 1 आंदोलन के तहत प्राध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर नियमित कार्य किया।

### संभागीय उपाध्यक्ष ने किया आंदोलन का नेतृत्व

प्रांतीय अध्यक्ष प्रोफेसर आनंद शर्मा एवं संरक्षक कैलाश त्यागी के निर्देशन पर आयोजित इस आंदोलन का नेतृत्व महाविद्यालय के संभागीय उपाध्यक्ष डॉ मोहन सिंह गुर्जर ने किया 1 प्राध्यापक संघ ने मांग की है बैकलॉग सहायक प्राध्यापकों की 21 वर्षों से लंबित परीक्षा अवधि समाप्त कर उन्हें करियर उन्नयन का लाभ दिया जाए 1

इसके अलावा ग्रंथपाल एवं कीड़ा अधिकारियों को यूजीसी के अनुसार बदनाम एवं सेवा लाभ नियमितीकरण से वंचित सहायक प्राध्यापकों के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण पात्रता अनुसार सहायक प्राध्यापक एवं सह प्राध्यापक को पदोन्नति एवं पदनाम का लाभ सेवानिवृत्ति प्राध्यापकों के लंबित पेंशन वेतन निर्धारण अर्जित अवकाश एवं अन्य देयको का शीघ्र भुगतान तथा उच्च शिक्षा विभाग की परामर्श दात्री समिति की नियमित बैठकों का आयोजित कर विभाग की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की गई है।

### यह रहे शामिल

इस दौरान कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर उमेश कुमार धुर्वे डॉक्टर अशोक कुमार यादव डॉक्टर सुनील कुमार सोनी प्रेम नारायण परते, कमल अहिरवार, हरिओम पटेल, तनय सिटोरे, धीरेंद्र दुबे, मनोज प्रजापति आदि सहायक प्राध्यापक की उपस्थिति में प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी को ज्ञापन सौंपा।

# स्थानांतरण होने पर शिक्षकों को शाला परिवार ने दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ग्राम पवारखेड़ा खुर्द में पदस्थ गिरिजा धुर्वे का स्थानांतरण विकासखंड पिपरिया और अमरीश दुबे का स्थानांतरण नर्मदापुरम विकासखंड में किया गया है। स्थानांतरण के उपरांत शाला के समस्त स्टाफ और बच्चों द्वारा उन्हें आत्मीय विदाई समारोह के माध्यम से शुभकामनाओं के साथ शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह से सम्मान पूर्वक विदाई दी गिरिजा धुर्वे द्वारा अपने कार्यकाल की 34 वर्ष एवं अमरीश दुबे द्वारा अपने कार्यकाल के 22 वर्ष बेहतर सेवाएं दी गई। इस अवसर पर साला प्रभारी सविता कमरे,राजेश कुमार मालवीय, चिमनलाल यादव, ज्योति चौधरी, धीरज उइके, ममता धुर्वे, शिववती बट्टी, अजय सिंह इरपाचे ,धूरीलाल सराठे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सहित स्वयं सहायता समूह के सदस्य एवं शाला के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार मालवीय ने किया तथा आभार सविता कुमरे द्वारा व्यक्त किया गया।

# नहीं खुला महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय, दिन भर लग रहा ताला, हितग्राही होते रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

सरकारी कार्यालयों की कार्यशैली पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन गुरुवार को माखन नगर परियोजना कार्यालय में जो तस्वीर सामने आई, उसने व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। जिस कार्यालय से सैकड़ों आंगनवाड़ी केंद्रों की निगरानी और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं का संचालन होता है, उसी कार्यालय के मुख्य दरवाजे पर सुबह से ताला लटका रहा। विडंबना यह रही कि कर्मचारी और सुपरवाइजर कार्यालय परिसर के बाहर बैठकर अपना काम निपटाते रहे, जबकि सरकारी कार्यालय पूरे दिन अपनी ही चाबी का इंतजार करता रहा।

सूत्रों के अनुसार, बनखेड़ी से स्थानांतरित होकर आए स्थाईकर्मी सुनील ठाकुर बुधवार को घर लौटते समय सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि कार्यालय की मुख्य चाबी उनके पास थी। दुर्घटना के कारण वे गुरुवार को कार्यालय नहीं पहुंच सके और चाबी भी कार्यालय तक नहीं पहुंच पाई। यदि यह जानकारी सही है तो सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या करोड़ों रुपये की योजनाओं का संचालन करने वाले कार्यालय की पूरी व्यवस्था केवल एक व्यक्ति और एक चाबी के भरोसे चल रही थी?

जानकारी के अनुसार कार्यालय की दूसरी चाबी सहायक ग्रेड-3 हरिसिंह मरकाम के पास भी उपलब्ध थी। जब कर्मचारियों ने उनसे संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनका मोबाइल फोन पूरे दिन बंद मिला। न फोन लगा, न चाबी पहुंची और न कार्यालय खुल सका। सरकारी व्यवस्था की यह तस्वीर अपने आप में कई सवाल खड़े करती है। आखिर यदि किसी कर्मचारी का मोबाइल बंद हो जाए तो क्या पूरा सरकारी कार्यालय भी बंद हो जाना चाहिए?

इस बीच परियोजना अधिकारी सुषमा चौरसिया भी कार्यालय में मौजूद नहीं थीं। बताया गया कि वे वीडियो कॉन्फ्रेंस में व्यस्त थीं।




उन्होंने फोन पर जानकारी देते हुए कहा कि पूरे मामले से जिला कार्यक्रम अधिकारी को अवगत करा दिया गया है और किसी प्रकार का कार्य प्रभावित नहीं हुआ क्योंकि सुपरवाइजर ऑनलाइन कार्य कर रही थीं।

लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती दिखाई दी। सुबह से कार्यालय के बाहर बैठी सुपरवाइजरों को जरूरी दस्तावेज, रिकॉर्ड और कार्यालयीन संसाधनों तक पहुंच नहीं मिल सकी। कई कर्मचारी धूप और उमस के बीच बाहर बैठकर मोबाइल और दूसरे कार्यालय के कप्यूटर के सहारे काम करते रहे। सवाल यह है कि यदि कार्यालय के अंदर रखे अभिलेखों या किसी जरूरी फाइल की आवश्यकता पड़ जाती तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता?

सरकारी दफ्तरों में अक्सर यह कहा जाता है कि "काम नहीं रुकना चाहिए", लेकिन यहां तो कार्यालय का दरवाजा ही नहीं खुला। यह दृश्य देखकर ऐसा प्रतीत हुआ मानो पूरा प्रशासन ताले के आगे बेबस हो गया हो।

सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि क्या किसी भी सरकारी कार्यालय के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होनी चाहिए? क्या आपातकालीन स्थिति में कार्यालय खोलने का कोई प्रोटोकॉल नहीं है? यदि चाबी रखने वाला कर्मचारी अनुपस्थित हो जाए, दुर्घटनाग्रस्त हो जाए या किसी अन्य कारण से उपलब्ध न हो, तो क्या पूरे कार्यालय को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाएगा?

विडंबना यह भी है कि डिजिटल इंडिया, ई-गवर्नेंस और स्मार्ट प्रशासन के दावे करने वाली व्यवस्था आज भी एक साधारण चाबी के सामने असहाय नजर आई। ऑनलाइन काम अपनी जगह है, लेकिन कार्यालय का खुला होना भी प्रशासनिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। यदि अधिकारी और कर्मचारी स्वयं कार्यालय में प्रवेश ही न कर सकें, तो आम नागरिक व्यवस्था पर कैसे विश्वास करेगा?

यह घटना केवल एक दिन कार्यालय बंद रहने की नहीं है, बल्कि यह सरकारी प्रबंधन की कमजोरियों को उजागर करती है। यदि आज कोई महत्वपूर्ण निरीक्षण हो जाता, कोई आपातकालीन आदेश आता या कोई संवेदनशील रिकॉर्ड तत्काल चाहिए होता, तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होती?

लोगों के बीच भी इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। किसी ने कहा कि "सरकारी दफ्तर अब फाइलों से नहीं, चाबियों से चलते हैं।" तो किसी ने व्यंग्य किया कि "कार्यालय में कर्मचारी मौजूद थे, काम भी हो रहा था, बस दफ्तर ही नहीं खुला था।"

यह घटना प्रशासन के लिए एक सबक होनी चाहिए। किसी भी कार्यालय में चाबियों की सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था, जिम्मेदार अधिकारियों की उपलब्धता और आपातकालीन प्रबंधन प्रणाली अनिवार्य होनी चाहिए। अन्यथा भविष्य में ऐसी घटनाएं केवल कर्मचारियों की परेशानी ही नहीं बढ़ाएंगी, बल्कि सरकारी कार्यप्रणाली की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े करेंगी।

# वरिष्ठ कृषि अधिकारी कार्यालय में बीजों का भंडार मौजूद, किसान योजनाओं का लाभ लें

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र सहित में मात्र एक क्रषि कार्यालय है। जिसमें वरिष्ठ कृषि अधिकारी निराली आर्य सहित अन्य सभी कृषि विकास अधिकारी कर्मचारी महिलाओं सहित पदस्थ हैं। विकास पटेल कृषि अधिकारी ने बताया कि एस सी एस टी वर्ग के लिए निःशुल्क बीज उपलब्ध है। लेकिन सब्सिडी के माध्यम से सारी राशि वापस कर दी जाती है। लेकिन पहले राशि जमा करना दर्शाया जाता है। अभी वर्तमान में में कार्यालय में धान क्रांति 1 किंवटल 20 किलो ही दी जा रही है, जो 7800 रुपे की हे। इसमें लगभग 3720 रुपे अनुदान दिया जाता है।

सोयाबीन 60 किलो 9000 रूपे कीमत है। जिसमें 4680 रुपए अनुदान दिया जाता है।अरहर 20 किलो दी जा रही है जिसकी कीमत 6500 रुपए जमा होते हैं। जिसमें 5800 रूपए अनुदान दिया जाता है। मक्का 16किलो 4000 रूपए का है।

जिसमें 1600रूपे अनुदान दिया जाता है। सभी बीज अभी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसानों को अनुदान कि राशि जमा कराई जा रही है। ग्राम मुकेश पटेल ने बताया कि सभी हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ लें सकते हैं। अभी कार्यालय पर्याप्त बीज का भंडार उपलब्ध है।

### नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**नर्मदापुरम।** स्थानीय शासकीय एस.एन.जी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नर्मदापुरम में गायत्री परिवार के तत्वावधान में नैतिक शिक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के परिजन उमेश कुमार सिंह, शिवकुमार विश्वकर्मा एवं तुलसीराम बाबरिया ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं संस्कारों के महत्व से अवगत कराया। साथ ही नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

# कलेक्टर ने बैठक में भू-अर्जन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग के पुनर्निर्माण एवं उन्नयन (अपग्रेडेशन) परियोजना के अंतर्गत भू-अर्जन कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी मालवा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक तथा संबंधित ग्रामों के हल्का पटवारी उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम ने नर्मदापुरम क्षेत्र के अंतर्गत मार्ग निर्माण के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई को त्वरित एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों एवं पटवारियों को निर्देशित किया कि अधिग्रहित की जाने वाली भूमि से संबंधित सभी वैधानिक प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण करते हुए विस्तृत जांच प्रतिवेदन तत्काल प्रस्तुत करें, ताकि परियोजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। एसडीएम ने कहा कि नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग का पुनर्निर्माण एवं उन्नयन क्षेत्र के विकास तथा आमजन की सुविधा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। इसलिए भू-अर्जन की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।




उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ मिशन मोड में कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि परियोजना के अंतर्गत संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।

## साइबर अपराधों से बचने पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

# 'मोबाइल की दुनिया में नागरिक रहें सजग'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नगर में साइबर अपराधों की रोकथाम और आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से सेफ् क्लिक अभियान के तहत पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में जयस्तंभ चौक पर आयोजित इस अभियान में लोगों को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

इस दौरान एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि डिजिटल युग में छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी आर्थिक हानि का कारण बन सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपना ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम पिन या बैंक पासवर्ड किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें। प्रत्येक ऑनलाइन अकाउंट के लिए अलग और मजबूत पासवर्ड रखें, जिसमें अक्षरों के साथ अंक और स्पेशल कैरेक्टर का भी उपयोग करें। साथ ही सोशल मीडिया और ई-मेल खातों पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन अवश्य सक्रिय रखें।




उन्होंने लोगों को लॉटरी, इनाम या नौकरी का लालच देकर भेजे जाने वाले संदिग्ध लिंक, एसएमएस, व्हाट्सएप संदेश या ई-मेल पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, कैफे या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर उपलब्ध मुफ्त वाई-फाई का उपयोग बैंकिंग लेन-देन या ऑनलाइन खरीदारी के लिए नहीं करने की बात कही।

एसडीओपी ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति बैंक अधिकारी, पुलिस या बिजली विभाग का कर्मचारी बनकर फोन पर डराने या गोपनीय जानकारी मांगने का प्रयास करे, तो तुरंत कॉल काट दें और संबंधित विभाग के आधिकारिक नंबर पर संपर्क कर जानकारी की पुष्टि करें। किसी भी वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने से पहले यूआरएल में और लॉक (ताले) का चिन्ह अवश्य जांचें।

### महाविद्यालय में दीक्षारंभ नवप्रवेशित विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत

**सिवनी मालवा।** शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में 02 जुलाई 2026 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.राजेश कुमार रघुवंशी के मार्गदर्शन में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ₹दीक्षारंभ प्रवेश उत्सव एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम₹ उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासित एवं प्रेरणादायी वातावरण, भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं तथा उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं से परिचित कराते हुए उच्च शिक्षा की नई यात्रा के लिए तैयार करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत नवप्रवेशित विद्यार्थियों का मुख्य प्रवेश द्वार पर अक्षत एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

# स्थाई कर्मी के वेतन से कटेगी अधिक भुगतान की राशि, शासन ने जारी कर दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नहर पिपरिया संभाग नहर सोहागपुर के माछाउपसंभाग में स्थाई कर्मी श्रमिक प्रेम नारायण राय के द्वारा वेतन अंतर की राशि के एरियर्स भुगतान में अधिक भुगतान लेखापाल की मिली भगत से कर दिया गया था। जिसकी शिकायत मोहन सिंह चौहान नर्मदा प्रसाद के द्वारा आर टी आई के माध्यम से प्रमाणित दस्तावेज के आधार पर प्रमुख अभियंता मुख्य अभियंता अधीक्षण यंत्री सहित अन्य सभी अधिकारियों को की गई थी। उच्च अधिकारियों के द्वारा संबंधित शिकायतों के आधार पर विभागीय जांच कराई तो शिकायत सही पाई थी।

अधिकारी वर्ग के द्वारा कार्यपालन यंत्री प्रतिभा सिंह को जांच सौंपी गई थी। जिसके आधार पर कार्यपालन यंत्री ने दिनांक 115/26को पत्र 660क्रमांक जारी किया गया। जिसमें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

प्रेम नारायण राय स्थाई कर्मी श्रमिक को छठवें वेतन मान के अनुसार वेतन अंतर की राशि के एरियर्स भुगतान की राशि 5 ,43,990 रुपए का भुगतान किया गया है। जबकि प्रेम नारायण राय ने दिनांक 1/10/2014 से कुशल श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकरण किया गया था। लेकिन उसके बाद भी तत्कालीन का स्था,कक्ष प्रभारी डी,पी, पटेल की मिली भगत से दिनांक 1/1/2008 से कुशल श्रेणी अंतर्गत वर्गीकृत दर्शाकर गणना पत्रक तैयार किया गया था। शिकायत प्राप्त के बाद पुनरीक्षित गणना पत्रक अनुसार प्रेम नारायण राय की वास्तविक उपस्थिति दिनांक 16/6/2011के अनुसार भुगतान करने योग्य राशि 2लाख 76हजार 882रुपे थी। लेकिन लेखापाल की मिली भगत से 2लाख 67हजार 114रुपे की बसूली प्रेम नारायण राय के वेतनमान मासिक से 10 हजार रुपए प्रतिमाह 12 किस्त में की जावेगी।

शेष राशि सेवा निवृत्त होने पर मिलने वाली राशि से की जावेगी।इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी नहर संभाग अजय सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार वेतन से 10 हजार रुपए प्रति माह काटने पर प्रेम नारायण राय स्थाई कर्मी श्रमिक ने उच्च न्यायालय जबलपुर से वेतन की राशि से कटौती ना करने हेतु स्थगित आदेश जमा किया गया है।ऐसी स्थिति में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। शासकीय राशि जमा कराई जाना है। यदि वेतन से कटौती नहीं होगी तो सेवा निवृत्त होने के दौरान मिलने वाली राशि से कटौती एक मुश्त की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### जिले के 196 वृद्धजन आज वैष्णो देवी जाएंगे

**हरदा।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले की वैष्णो देवी तीर्थयात्रा के लिये वृद्धजन 3 जुलाई को रवाना होंगे। इस यात्रा में जिले के 196 यात्री शामिल होंगे, इनमें हरदा तहसील के 48, हंडिया के 22, टिमरनी के 36, रहटगांव के 22, खिरकिया के 36 व सिराली तहसील के 32 यात्री शामिल होंगे। सभी तीर्थयात्रियों से शाम 6 बजे रेल्वे स्टेशन हरदा पर उपस्थित होने के लिये कहा गया है।

### 24 घंटों में जिले में 2.2 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 2.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 0.3 मि.मी., टिमरनी में 11 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 156.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 177.9 मि.मी., टिमरनी में 121.3 मि.मी., खिरकिया में 163 मि.मी., सिराली में 138.2 तथा रहटगांव में 180.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 2 जुलाई तक 272 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### चेक प्रकरणों के लिए 18 जुलाई और 11 नवंबर को विशेष लोक अदालत

**हरदा।** आगामी 18 जुलाई और 21 नवम्बर को धारा-138 परक्राम्य लिखित अधिनियम (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881) के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत में चेक अनादरण (चेक बाउंस) से संबंधित प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर शीघ्र एवं सरल तरीके से निराकरण किया जावेगा। पक्षकारों को न्यायालयीन प्रक्रिया में लगने वाले समय और अनावश्यक व्यय से राहत मिलेगी तथा आपसी सहमति से विवाद का स्थायी समाधान प्राप्त होगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा ने संबंधित पक्षकारों, अधिवक्ताओं, बैंक प्रतिनिधियों और वित्तीय संस्थानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का आपसी समझौते के माध्यम से निराकरण कराएं तथा लोक अदालत का लाभ उठाएं।

### दो बाइकों की टक्कर में तीन गंभीर घायल

**रहटगांव।** थाना क्षेत्र में बुधवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को रात करीब साढ़े 9 बजे जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए भोपाल रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, रहटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम केली निवासी 17 वर्षीय कपिल काजले पिता कलीराम अपनी बाइक से बड़े भाई को उसकी ससुराल बड़वानी लेने जा रहा था। इसी दौरान दूसरी बाइक पर ग्राम बोरपानी निवासी 17 वर्षीय राजकुमार उइके पिता सुनील और 35 वर्षीय प्रकाश उइके पिता श्रीदास हरदा से खाद खरीदकर अपने गांव लौट रहे थे। बड़वानी गांव के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में तीनों के पैरों में फ्रैक्चर हो गया। उनके सिर और हाथों में भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। तीनों घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए भोपाल रेफर कर दिया गया।

### दो घटनाओं में बालक सहित 2 की मौत

**हरदा।** जिले में गुरुवार को दो अलग-अलग घटनाओं में एक आठ वर्षीय बालक और एक 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पहली घटना रहटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मगरधा में हुई। यहां आठ वर्षीय प्रिंस पिता जसवंत सूर्यवंशी गांव के एक निजी स्कूल में केजी वन में पढ़ता था। गुरुवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे वह स्कूल जाने के लिए तैयार होने के बाद नहाया। शरीर सुखाने के लिए उसने घर में रखा कूलर चालू किया, तउसे करंट लग गया और वह अचेत हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कलेक्टर ने नर्मदा के तटवर्तीय ग्रामों का निरीक्षण किया

# बाढ़ अथवा अतिवृष्टि के दौरान पुख्ता सुरक्षा इंतजाम रखने के लिए विभागों को निर्देश दिए





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को जिले के हंडिया, मनोहरपुरा, जुगरिया व सुरजना गांवों में पहुँचकर नर्मदा के तटीय क्षेत्रों को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने प्रशासनिक अधिकारियों को बाढ़ अथवा अतिवृष्टि के दौरान पुख्ता सुरक्षा इंतजाम रखने के निर्देश दिये। हंडिया में नर्मदा नदी में संचालित नावों में लाईफ जेकेट अनिवार्य रूप से रखे जाने के निर्देश दिये गये। हंडिया के नर्मदा घाट को पॉलिथिन मुक्त क्षेत्र घोषित करने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि घाट के आसपास का अतिक्रमण हटाया जाए। अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने हंडिया के प्री मेट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यहां उन्होने भोजन कक्ष एवं छात्रावास की अन्य व्यवस्थाएं देखीं। छात्रावास के कक्षों की मरम्मत करवाने के लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होने छात्रावास अधीक्षक को छात्रावास परिसर में सीसी टीवी केमरे लगवाने के लिये भी कहा। छात्रावास की सड़क के सामने स्ट्रीट लाइट लगवाने के भी ग्राम पंचायत को निर्देश दिये गये। सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ओपीडी की ऑनलाइन व्यवस्था करने के निर्देश दिये। साथ ही अस्पताल के वार्डों का भी उनके द्वारा निरीक्षण किया गया। यहां आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिये संचालित सायबर सुरक्षा प्लस ट्रेनिंग में भी कलेक्टर ने सायबर सुरक्षा संबंधित जानकारियां साझा की।

भ्रमण के दौरान ग्राम जुगरिया में मनोज सिराही एवं कैलाश घनेरिया के खेतों में पहुँचकर रेज्ड बेड सिस्टम से बोई हुई सोयाबीन फसल का अवलोकन किया। साथ ही इससे होने वाले फायदों की जानकारी ली। किसानों द्वारा जुगरिया से रिजगांव नहर पर निर्मित लोक निर्माण विभाग की सड़क के शोल्डर नहीं भरे जाने की शिकायत किये जाने पर मौके पर ही मौजूद विभाग के उपयंत्री को शोल्डर भरने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। ग्राम जुगरिया से मनोहरपुरा अजनई मार्ग का निर्माणाधीन पुल के डायवर्जन मार्ग पर आवश्यक सूचना बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिये गये। ग्राम मनोहरपुरा में संचालित प्राथमिक शाला में प्रकाश व्यवस्था नहीं होने पर उचित प्रकाश की व्यवस्था करने के शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये। ग्राम सुरजना में आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर टीएचआर वितरण उचित मूल्य की दुकान से राशन वितरण व्यवस्था की भी सरपंच से जानकारी ली। भ्रमण के दौरान एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर असवनराम चिरामन, तहसीलदार हंडिया विरेन्द्र उइके उपस्थित थे।

## 3 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

# मूंग खरीदी नहीं हुई तो कल से आंदोलन किया जाएगा

### ग्रीष्मकालीन मूंग की शत-प्रतिशत खरीद की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

भारतीय किसान संघ (भाकिसं) की हरदा एवं सिराली इकाइयों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार राजेंद्र पंवार को तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। संघ ने ग्रीष्मकालीन मूंग की शत-प्रतिशत खरीद की मांग की। चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो कल 4 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों ने कड़ी मेहनत से ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल पैदा की है, जिसका औसत उत्पादन पांच क्विंटल प्रति एकड़ हुआ है। हालांकि, शासन स्तर से प्रति एकड़ मात्र एक क्विंटल 20 किलोग्राम मूंग की खरीद के निर्देश जारी किए गए। किसान संघ ने सरकार से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए पैदावार का शत-प्रतिशत मूंग समर्थन मूल्य पर खरीदने की अपील की। मूंग खरीदने दो केंद्र बनाने की मांग की ज्ञापन में सिराली तहसील मुख्यालय पर मूंग खरीद के लिए दो केंद्र बनाने की भी मांग की। संघ ने बताया कि सुल्तानपुर वेयरहाउस सिराली तहसील के अंतिम छोर के गांवों से लगभग 40 किलोमीटर दूर है। इसके अतिरिक्त, वर्तमान में माचक नदी का पुल भी क्षतिग्रस्त है, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

संघ की अन्य मांगों में वर्ष 2025-26 की सोयाबीन फसल की बीमा राशि का शीघ्र भुगतान शामिल है, जो अभी तक किसानों के खातों में नहीं डाली गई है। 4 जुलाई से आंदोलन की चेतावनी खाद वितरण को लेकर भी मांगें रखी गईं। इसमें नगद खाद वितरण केंद्र (डीएमओ) के लिए तहसील मुख्यालय पर शीघ्र भूमि आवंटित कर डबल लॉक केंद्र खोलने, रासायनिक खाद वितरण में ई-टोकन प्रणाली को और अधिक सरल एवं प्रभावी बनाने और जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। भारतीय किसान संघ हरदा इकाई के अध्यक्ष अरुण पटवारे ने दोहराया कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो 4 जुलाई से जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन किया जाएगा। तहसीलदार राजेंद्र पंवार ने बताया कि किसान संघ ने अपनी बात ज्ञापन के माध्यम से रखी है, जो शासन स्तर से संबंधित है और इसे वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा दिया जाएगा।

## कृत्रिम अंग वितरण एवं सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर आयोजित

# 10 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग प्रदाय किए गए, 22 हितग्राहियों का सहायक उपकरण के लिए चयन



**रहटगांव।** जनपद पंचायत टिमरनी में जिले के दिव्यांगजनों हेतु कृत्रिम अंग वितरण एवं सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि शिविर में ऐसे दिव्यांग हितग्राही जिन्हें कृत्रिम अंग की आवश्यकता थी, उन्हें एलिम्को टीम विशेषज्ञों के माध्यम से तत्काल स्थान पर ही कृत्रिम अंग बनाकर हितग्राही को प्रदान किये गए। इस दौरान एडिप स्कीम अंतर्गत ऐलिम्को टीम द्वारा दिव्यांगजन हेतु सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, स्टिक, श्रवण यंत्र इत्यादि वितरण हेतु चयन किया गया। उप संचालक सिंह ने बताया कि शिविर में जिले से कुल 80 दिव्यांगजन उपस्थित हुए, जिसमें से 38 दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कर 10 हितग्राहियों को हाथ पैर हेतु कृत्रिम अंग कैलिपर बनाकर प्रदान किए गए एवं 22 हितग्राहियों का चयन सहायक उपकरण वितरण के लिये तथा 6 हितग्राहियों का चयन वृद्धजनों की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत सहायक उपकरण हेतु किया गया। शिविर में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र हरदा के विशेषज्ञों के माध्यम से दिव्यांगजन हेतु 12 हितग्राहियों के यूडीआईडी कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र व दिव्यांग पेंशन के संबंध में कार्यवाही की गई।

### आज खिरकिया में शिविर

हरदा। जिले के पात्र दिव्यांगजनों को निशुल्क कैलिपर्स एवं कृत्रिम हाथ-पैर वितरित करने के लिए एक से 3 जुलाई तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान एलिम्को कानपुर द्वारा अधिकृत एस.आर. ट्रस्ट रतलाम के माध्यम से मोबाइल वर्कशॉप में दिव्यांगजनों के ऑन द स्पॉट नाप लेकर उपकरण तैयार किए जाएंगे और शिविर स्थल पर ही वितरित किए जाएंगे। शिविर में सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा लैपटॉप सहित कर्मचारी तैनात कर मौके पर यूडीआईडी कार्ड जायेंगे साथ ही शिविर स्थल पर ही आय प्रमाण पत्र बनाने की व्यवस्था भी की गई है। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि दिव्यांगजनों को निःशुल्क कैलिपर्स व कृत्रिम अंग प्रदाय करने हेतु 3 जुलाई को जनपद पंचायत खिरकिया में शिविर आयोजित किया गया है।

## जिला स्तरीय जन-सम्मेलन-सह लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किया

# विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना का शुभारंभ किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना का शुभारंभ जिला पंचायत हरदा के सभागृह में गुरूवार को अध्यक्ष जिला पंचायत हरदा गजेंद्र शाह एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत हरदा दर्शन सिंह गहलोद की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्षशाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि वीबी-जी-राम-जी योजना से समग्र ग्रामीण विकास की परिकल्पना पूर्ण होगी। इस योजना में ग्रामीण जन को अपने गांव की कार्ययोजना ग्राम सभा के माध्यम से तैयार कर क्रियान्वित की जाएगी। इस योजना में एक वित्तीय वर्ष में 100 दिवस के स्थान पर 125 दिवस का रोजगार ग्रामीणजन को प्राप्त होगा। यह योजना पारदर्शी, आधुनिक तकनीक पर आधारित योजना है। यह योजना संपूर्ण देश में 1 जुलाई 2026 से केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई है।



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरदा अंजली जोसेफ ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया कि वीबी-जी-राम-जी योजना में जीआईएस तकनीक, सिपरी साफ्टवेयर तथा युक्तधारा पोर्टल का उपयोग कर ग्राम पंचायतों में ग्राम की समग्र कार्ययोजना तैयार की जावेगी। इस योजना में प्रमुख रूप से 4 घटकों पर कार्य होगा तथा राज्य एवं बुआई व कटाई के मौसम के दौरान 60 दिनों तक कृषि कार्यविराम घोषित करने का अधिकार दिया गया है। यह विराम वार्षिक 125 दिनों की कानूनी गारंटी को कम नहीं करता है, जिससे किसानों और श्रमिक हितों में संतुलन बना रहता है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गहलोद ने पूर्व योजना मनरेगा एवं वीबी-जी राम जी योजना में अंतर को स्पष्ट करते हुए, इस योजना के महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी प्रसारित किया गया। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक पेड मां के नाम के तहत पौधों का रोपण कराया गया। इस अवसर पर हरदा जिले की ग्राम पंचायतों में भी राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कराया गया। कार्यक्रम में हरदा जिले में जनपद प्रतिनिधिगण, सरपंच, आमजन, स्व-सहायता समूह, श्रमिक, जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान योजना के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई। स्व-सहायता समूह द्वारा उत्पादों की स्टाल लगाई गई, जिनका निरीक्षण जन प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत हरदा प्रांगण में हेल्थ चैकअप पांइट लगाया गया।

## महिला सुरक्षा व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

# 181 महिला हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली समझाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

आयुष्मान आरोग्य मंदिर बैरागढ़ आंगनबाड़ी वार्ड क्रमांक 31 में एक दिवसीय महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर हरदा की केसवर्कर ऋतू राजपूत ने उपस्थित महिलाओं को महिला सुरक्षा, सशक्तीकरण और विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को मिलने वाली आवश्यक सेवाओं जैसे आपातकालीन सहायता, चिकित्सीय मदद, विधिक (कानूनी) सहायता, पुलिस सहायता, मनोसामाजिक परामर्श, अस्थाई आवास (शेल्टर), पुनर्वास सहायता और 181 महिला हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली के बारे में समझाया। इस दौरान उन्होने उपस्थित महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर 112, 1098, 1930 व 15100 की जानकारी दी। अंत में उपस्थित महिलाओं को सशक्तिकरण एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में सकारात्मक संदेश दिया गया, जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर हरदा से स्पोर्ट स्टाफ जगदीश मौर्य, आंगनवाड़ी वार्ड 31 बेरागढ से कार्यकर्ता सुनिता, सहायिका एकता पाल सहित वन स्टाप सेंटर हरदा का स्टाफ उपस्थित रहा।

## गांव की बेटी को सरकारी-सहायता की दरकार

# राज्यपाल ने अपने हैंड-पेंटेड पोर्ट्रेट को देखा, मुस्कान की तूलिका की सराहना करते हुए आशीर्वाद भी दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

महामहिम मंगुभाई पटेल ने अपने हैंड-पेंटेड पोर्ट्रेट को देखा और बाल-चित्रकार मुस्कान की तूलिका को सराहा और आशीर्वाद भी दिया। उन्होंने कहा कहा-"ओह.! कितना अच्छा है?" इस प्रसंग के दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल,भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मने,पंधान विधायक छाया-गोविन्द मोरे,जनपद पंचायत की अध्यक्ष संगीता-त्रसिंह-नार्वे, उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल आदि उपस्थित थे। उन्होंने भी महामहिम के पोर्ट्रेट की प्रशंसा की और मुस्कान के सुनहरे भविष्य के लिए अपनी सद्भावना व्यक्त की। उन्होंने कलेक्टर भव्या मित्तल से कहा-बालिका शारीरिक-रूप से कमजोर है,इसलिए उसका उपचार कराएं। बाल-चित्रकार ने अपने पिता गब्बरसिंह चौहान और माता रेखा के साथ महामहिम से मुलाक़ात कर पोर्ट्रेट भेंट किया था। उन्होंने बताया कि बाल-चित्रकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी.आरएसएस सर संघचालक मोहन भागवत आदि के चित्रों पर भी तूलिका चलाई है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव भी अपना पोर्ट्रेट देखकर मुस्कान को आशीर्वाद दे चुके हैं। परिजनों ने कहा कि बालिका का बचपन से ही चित्रकारी का शौक रहा है और वह बाल्यकाल से ही स्लेट और फिर हाथों पर चित्र उकेरा करती थी। उसकी इच्छा है कि देश-प्रदेश में गांव का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि बालिका की प्रतिभा में निखार के लिए सरकारी-सहायता की दरकार है।





## जिले के लिए गौरव की उपलब्धि, उत्कृष्ट कार्यों को मिली राष्ट्रीय पहचान

# राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ व हरित विद्यालय रेटिंग में टंकीपुर विद्यालय चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (SHVR) 2025-26 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यालयों की सूची में सीहोर जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय, महुआखेड़ी टंकीपुर का चयन होने से जिले को महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि विद्यालय द्वारा स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता, हरित परिसर के विकास तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों का परिणाम है। विद्यालय ने इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है, जो जिले एवं प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

कलेक्टर बालागुरू के. ने इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल विद्यालय विकसित करने के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जिले के अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणा बनेगी तथा सभी विद्यालय स्वच्छता एवं हरित वातावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने कहा कि विद्यालयों में स्वच्छ एवं हरित वातावरण का निर्माण विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय स्तर पर जिले के विद्यालय का चयन होना इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपेक्षा व्यक्त की। जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) रमेशराम उईके ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार चयनित विद्यालय को आगे भी आवश्यक तकनीकी एवं संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही विद्यालय की श्रेष्ठ कार्यप्रणाली, नवाचारों एवं सफलताओं का दस्तावेजीकरण कर अन्य विद्यालयों तक पहुंचाया जाएगा, जिससे जिले के अधिकाधिक विद्यालय स्वच्छ एवं हरित विद्यालय की अवधारणा को प्रभावी रूप से अपनाकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर सकें। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी पत्र के अनुसार चयनित विद्यालयों को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र (Certificate of Merit) प्रदान किया जाएगा। साथ ही विद्यालयों की स्वच्छ एवं हरित गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रोत्साहन राशि तथा शैक्षणिक अध्ययन भ्रमण (एक्सपोज़र विजिट) जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे इन विद्यालयों को अन्य विद्यालयों के लिए ₹लाइट हाउस विद्यालय₹ के रूप में विकसित किया जा सके।

### ट्री लवर टीम ने मनाया पौधा उत्सव 100 पौधे लगाने का लिया संकल्प

सीहोर। पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए ट्री लवर टीम ने पीजी ग्राउंड पर पौधा उत्सव का आयोजन किया। टीम के सदस्यों ने बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ पौधरोपण कर प्रकृति बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में ट्री लवर ग्रुप के संस्थापक शिवा खुराना, अध्यक्ष जितेंद्र यादव के नेतृत्व में अशोक खुराना, नितिन तिवारी, ईश्वर सिनोरिया, अमित राठौर, लोकेश, अर्जुन तायड़े, राजेश, शुभम, गौरव जगवानी, सोनू यादव आदि मौजूद रहे।